# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 25.05.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25.05.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, कार्यदायी संस्था वेल्स्पन एवं जी.ए. इन्फ्रा के अधिकारी, डीपीएमयू टीम सहित अन्य अधिकारीकरण उपस्थित रहे । समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था वेल्सपन एवं जी.ए. इन्फा की प्रगति निम्नवत् पायी गयी :–

वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 263 | 259 | 04 |
| 2 | Pump House | 263 | 255 | 08 |
| 3 | Solar | 259 | 200 | 59 |
| 4 | ESR (OHT) | 263 | 65 | 198 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 3951 | 3942 | 09 |
| 6 | FHTC | 160069 | 118885 | 41184 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 532 | 48 | 484 |

जी0ए0 इन्फ्रा–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 136 | 135 | 1 |
| 2 | Pump House | 136 | 132 | 4 |
| 3 | Solar | 121 | 119 | 2 |
| 4 | ESR (OHT) | 136 | 127 | 9 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 1560 | 1514 | 46 |
| 6 | FHTC | 54024 | 52446 | 1578 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 216 | 73 | 143 |

समीक्षा से स्पष्ट हुआ गत बैठक दिनांक 25.04.2026 से 25.05.2026 एक माह के भीतर कार्यदायी संस्था वेलस्पन द्वारा 04 शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है तथा जीए इन्फा द्वारा मात्र एक शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है । शेष कार्यों में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं है। उक्त स्थिति पर कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे मैनपावर बढ़ाकर कार्य तेजी से कराया जाना सुनिश्चित करायें। अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे कार्यदायी संस्थाओं की धीमी प्रगति के दृष्टिगत शासन को पत्र प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 04 स्थलों पर (ग्राम अशोगापुर विकासखण्ड भदोही, ग्राम अहिमनपुर विकासखण्ड औराई, ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर ग्राम पूरेबहुरिया विकासखण्ड ज्ञानपुर) भूमि अप्राप्त थी। वर्तमान समय में ग्राम पूरेबहुरिया में जमीन चिन्हांकित हो गयी है, कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर शेष अप्राप्त भूमि का चिन्हांकन कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 08 परियोजनाओं का विद्युत विभाग द्वारा एच0टी0 लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष 03 परियोजनाओं के एच0टी0 लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, अवशेष कार्य प्रगति पर है। 06 परियोजनाओं के नये विद्युत संयोजन कराया जाना प्रस्तावित था। जिसके सापेक्ष 05 परियोजनाओं के

Scanned with OKEN Scanner

प्राक्कलन प्राप्त हो चुके है, प्राप्त प्राक्कलन के सापेक्ष 02 परियोजनाओं के भुगतान विद्युत कनेक्शन हेतु विभाग को कर दी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यो को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंत, विद्युत, अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही पेयजल परियोजनाओं से केबिल चोरी हो रही है। जिससे नियमित जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि ओएचटी पर इंडीकेटर लाईट, परिसर के अन्दर सम्यक् प्रकाश व्यवस्था , एवं समस्त पेयजल परियोजनाओं पर क्लोज सर्किट कैमरा लगवाने की व्यवस्था करायें ।

(कार्यवाही– कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि नल जल मित्र की प्रगति अच्छी नही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से समस्त खण्ड विकास अधिकारी को नल जल मित्र की प्रगति में सुधार हेतु निर्देशित करें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया है कि सोर्स सस्टेनबिलिटी के संबंध में नामित समिति से समन्वय स्थापित करते हुये कार्ययोजना तैयार कराकर राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन कार्यालय को प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–जिला पंचायत राज अधिकारी/ अधिशासी अभियंता, जल निगम)

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा की 108 नग परियोजनाओं को ओ0एण्ड0एम0 मे संचालित करायी जा रही हैं। जी0ए0 इन्फ्रा द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं पर ध्यान न देने के कारण आईजीआरएस पोर्टल पर अत्यधिक शिकायतें प्राप्त हो रही है। वर्तमान में जी0ए0इन्फ्रा से सम्बन्धित योजनाओं पर कुल 353 नग आई0जी0आर0एस0 शिकायतें लंम्बित है एवं वर्तमान तक इनसे सम्बन्धित निस्तारित की गयी शिकायतों के सापेक्ष आई0जी0आर0एस0 में संतुष्टि फीड बैक मात्र 66.67 प्रतिशत एवं मुख्य मंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भो के सापेक्ष मात्र 69.23 प्रतिशत संतुष्टि फीड बैक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित एजेन्सी के विरूद्व विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने में रूचि न लिये जाने के सम्बन्ध में शासन को पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम)

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अगामी बैठक के पूर्व अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
Shailesh Kumar
Date: 01-06-2026
21:13:58

(जिलाधिकारी)
भदोही।

कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 2497/ कार्य - 33 / 09 दिनांक 01.06.2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या बैठक के पूर्व प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।

Scanned with OKEN Scanner